आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 13.05.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में वन भूमि हस्तांतरण को स्वीकृति दी।
- केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय का दल आज से उत्तराखंड के प्राकृतिक उत्पादों का अध्ययन करेगा, स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की योजना पर होगा काम।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने राज्य में एसआईआर की तैयारियों की समीक्षा की।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक कर राज्य में सहिजन की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

**खेल विश्वविद्यालय**

उत्तराखंड के पहले खेल विश्वविद्यालय के निर्माण को बड़ी प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। भारत सरकार के वन मंत्रालय ने खेल विश्वविद्यालय के लिए 12 दशमलव तीन–एक–सात हेक्टेयर वन भूमि डायवर्जन को अंतिम स्वीकृति दे दी है।
जारी आदेश के अनुसार नैनीताल जिले के हल्द्वानी वन प्रभाग के गोलापार क्षेत्र में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय परियोजना के लिए वन भूमि हस्तांतरण को मंजूरी प्रदान की गई है।
खेल मंत्री रेखा आर्या ने इसे उत्तराखंड के खेल भविष्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल अवस्थापना को मजबूत करने और युवाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।
खेल मंत्री ने कहा कि यह खेल विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, अनुसंधान और उच्च स्तरीय कोचिंग का प्रमुख केंद्र बनेगा।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय का एक दल आज से उत्तराखंड में प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले उत्पादों का अध्ययन करेगा। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की योजना तैयार करना है।
गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर वाणिज्य मंत्रालय की टीम को गढ़वाल क्षेत्र के दौरे के लिए आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि यह दल, पहाड़ में उगाए जाने वाले मिलेट्स, हल्दी, जड़ी–बूटियों और अन्य प्राकृतिक उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की संभावनाओं पर काम करेगा। इसके तहत किसानों से सीधे संपर्क करने के साथ उत्पादों की जियो टैगिंग और ब्रांडिंग की योजना भी तैयार की जाएगी।
अनिल बलूनी ने कहा कि इस पहल से किसानों को लाभ मिलेगा और पहाड़ की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

**कुमाऊँनी पिछौड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम**

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक–नाबार्ड द्वारा समर्थित सूक्ष्म उद्यम विकास योजना के तहत "कुमाऊँनी पिछौड़ा– पारंपरिक एवं आधुनिक उन्नत कौशल" विषय पर 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम के तहत 30 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## महिला रग्बी

उत्तरकाशी जिले की महक चौहान का चयन भारतीय सीनियर महिला रग्बी टीम में हुआ है। महक अब 16 और 17 मई को ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित सेंट्रल एंड साउथ एशिया चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

विकासखंड मोरी के भद्रासु गांव की निवासी महक चौहान इससे पहले भारतीय अंडर–18 और अंडर–20 रग्बी टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रॉन्ज मेडल जीतकर उत्तराखंड का नाम भी रोशन कर चुकी हैं।

## एसआईआर बैठक

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एस.आई.आर को लेकर सचिवालय में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलाधिकारियों को एस.आई.आर की तैयारियों को अंतिम रूप देने और मैपिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्म 6, 7 और 8 की प्रतिदिन समीक्षा कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर तैयार एएसडी यानी एबसेंट, शिफ्टेड और डेथ सूची को राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स के साथ भी साझा किया जाए और आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी बीएलए को यह सूची उपलब्ध कराई जाए।

## कृषि विभाग बैठक

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून स्थित कैंप कार्यालय में कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में किसानों की आय बढ़ाने, नई फसलों को प्रोत्साहन देने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर चर्चा की गई।

श्री जोशी ने अधिकारियों को प्रदेश में सहिजन की खेती की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहिजन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी फसल है और इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

बैठक में 11 और 12 जून को देहरादून में आयोजित होने वाली दालचीनी की खेती, नर्सरी और पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी और कार्यशाला की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। श्री जोशी ने कहा कि इस कार्यशाला में श्रीलंका, इंडोनेशिया और वियतनाम समेत कई देशों के विशेषज्ञ शामिल होंगे, जिनके अनुभव और आधुनिक तकनीकों से उत्तराखंड में दालचीनी उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को लाभ पहुंचेगा।

## बेहतर नागरिक सुविधाएं

नई टिहरी नगर पालिका परिषद शहर की सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जल्द ही अपने बेड़े में आठ नए वाहन शामिल करने जा रही है। इन वाहनों के जरिए कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, साथ ही नगर क्षेत्र में पहली बार गो–ग्रास सेवा और शव यात्रा वाहन सेवा भी शुरू की जाएगी। एक रिपोर्ट–

## स्वच्छता

हरिद्वार में कचरा और ठोस अपशिष्ट के उचित निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए तथा कचरे के उचित निस्तारण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने गीले और सूखे कचरे के अलग–अलग निस्तारण के साथ मेडिकल वेस्ट, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट के उचित प्रबंधन के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने जोर देते हुए कहा कि ज़िले में 15 दिन के भीतर सफाई व्यवस्था का असर धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों और सामाजिक संगठनों से स्वच्छता अभियान को सक्रिय रूप से चलाने की अपील भी की।

**सौगात**

देहरादून में विकासनगर विधानसभा क्षेत्र के हरबर्टपुर के लिए स्वीकृत करीब 48 करोड़ रुपये की पेयजल योजना का विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने निरीक्षण किया। योजना के तहत स्कूल के पास ट्यूबवेल स्थापित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों और स्कूली बच्चों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सकेगी।

विधायक ने कहा कि "हर घर नल, हर घर जल" योजना के तहत लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों को इस पेयजल योजना से बड़ी राहत मिलेगी।

इस दौरान विधायक ने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ भी किया।

इसके अलावा करीब 57 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बास्केटबॉल कोर्ट और खेल मैदान निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। विधायक ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना भी जरूरी है, ताकि छात्र–छात्राओं को बेहतर अवसर मिल सकें।